रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 06/08/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **कोई विद्यार्थी सल्फर, कार्बन (हीरा) और ब्रोमीन के नमूनों की तुलना कर रहा है। तीनों में कौन-सा गुणधर्म सबसे कम देखे जाने की संभावना है?**

Ans A). मंद बनावट B). उच्च विद्युत चालकता C). भंगुरता D). दुर्बल ऊष्मा चालन

Correct Answer: B

**Q.2** **यदि समान द्रव्यमान वाले दो पिंडों पर समान समय के लिए असमान बल आरोपित किया जाता है, तो जिस पिंड पर अधिक बल कार्यरत होगा, _________ होगा।**

Ans A). उसके संवेग में कम परिवर्तन B). उसके संवेग में अधिक परिवर्तन C). उसके संवेग में समान परिवर्तन D). उसके संवेग में कोई परिवर्तन नहीं

Correct Answer: B

**Q.3** **निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक राशियां गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा को प्रभावित करती हैं?**

Ans A). तापमान और रंग B). द्रव्यमान और ऊंचाई C). चाल और दूरी D). आयतन और आकृति

Correct Answer: B

**Q.4** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही तरीके से यह बताता है कि अम्ल केवल जलीय विलयन में ही अम्लीय व्यवहार क्यों प्रदर्शित करता है?**

Ans A). क्योंकि शुष्क अवस्था में अम्ल के अणु पूरी तरह से आयनित रहते हैं। B). क्योंकि अम्ल, जल की अनुपस्थिति में भी $H^+$ आयन खो देता है। C). जल, अम्लों के आयनीकरण को रोक देता है। D). क्योंकि हाइड्रोजन आयन ($H^+$) तभी उत्पन्न होते हैं जब अम्ल जल में घुलता है।

Correct Answer: D

**Q.5** **किसी पारिस्थितिकी तंत्र में, अपघटक क्या भूमिका निभाते हैं?**

Ans A). वे मृत कार्बनिक पदार्थों को विघटित करते हैं। B). ये मृदा में जल स्तर को नियंत्रित करते हैं। C). वे मांसाहारी जीवों को सीधे ऊर्जा स्थानांतरित करते हैं। D). वे प्रकाश संश्लेषण द्वारा भोजन का संश्लेषण करते हैं।

Correct Answer: A

**Q.6** **मीठे पानी के तालाब में पाया जाने वाला एक हरे, सूत्रवत् पादप में जड़, तना और पत्तियां नहीं हैं, लेकिन प्रकाश संश्लेषण करता है। इस जानकारी के आधार पर, यह किस समूह से संबंधित है?**

Ans A). टेरिडोफाइटा B). जिम्नोस्पर्म C). ब्रायोफाइटा D). थैलोफाइटा

Correct Answer: D

**Q.7** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ढंग से वर्णन करता है, कि जीवित जीवों के लिए पोषण, श्वसन, परिवहन और उत्सर्जन जैसी जीवन प्रक्रियाएं क्यों आवश्यक हैं?**

Ans A). ये समस्थिति बनाए रखती हैं और ऊर्जा प्रदान करती हैं। B). ये स्वतंत्र प्रक्रियाएं हैं जो एक दूसरे को प्रभावित नहीं करती हैं। C). ये केवल पादपों में प्रकाश संश्लेषण को बनाए रखने के लिए होती हैं। D). ये केवल वृद्धि और प्रजनन के लिए आवश्यक हैं।

Correct Answer: A

**Q.8** **निम्नलिखित में से किस कार्बन यौगिक के अदीप्त ज्वाला के साथ जलने की सर्वाधिक संभावना है?**

Ans A). किरोसिन (Kerosene) B). चारकोल (Charcoal) C). एथेनॉल (Ethanol) D). कपूर (Camphor)

Correct Answer: C

**Q.9** **एक विद्यार्थी दो परिपथों को सेटअप करता है: परिपथ X में एक पतले, लंबे तांबे का तार उपयोग होता है, और परिपथ Y में एक मोटे, छोटे तांबे का तार उपयोग होता है, दोनों एकसमान बैटरियों से संयोजित हैं। किस परिपथ का प्रतिरोध अधिक होगा, और क्यों?**

Ans A). परिपथ Y का, क्योंकि प्रतिरोध लंबाई के साथ बढ़ता है और अनुप्रस्थ-परिच्छेद क्षेत्रफल के साथ घटता है

B). परिपथ X का, क्योंकि प्रतिरोध लंबाई के साथ घटता है और अनुप्रस्थ-परिच्छेद क्षेत्रफल के साथ बढ़ता है

C). परिपथ X का, क्योंकि प्रतिरोध लंबाई के साथ बढ़ता है और अनुप्रस्थ-परिच्छेद क्षेत्रफल के साथ घटता है

D). परिपथ Y का, क्योंकि प्रतिरोध लंबाई के साथ घटता है और अनुप्रस्थ-परिच्छेद क्षेत्रफल के साथ बढ़ता है

Correct Answer: C

---

**Q.10** **अरेखित पेशियाँ, ____________ को छोड़कर निम्नलिखित सभी क्रियाओं के लिए उत्तरदायी हैं।**

Ans A). बिना किसी सचेतन विचार के स्वचालित रूप से कार्य करने

B). पानी की एक भारी बाल्टी उठाने

C). आंत्रों में नियमित गति

D). पाचन पथ के माध्यम से भोजन के संचलन

Correct Answer: B

---

**Q.11** **एक प्रयोग के दौरान, एक विद्यार्थी उत्तल लेंस की फोकस दूरी की दोगुनी दूरी से परे एक मोमबत्ती रखता है और प्रतिबिंब की स्थिति तथा प्रकृति को दर्ज करता है। इस व्यवस्था के परिणामस्वरूप निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य बन सकता है?**

Ans A). फोकस दूरी की दोगुनी दूरी पर वास्तविक, उल्टा और समान-साइज का प्रतिबिंब बनता है

B). बिंब के ओर ही आभासी, सीधा और बड़ा प्रतिबिंब दिखाई देता है

C). फोकस और फोकस दूरी की दोगुनी दूरी के बीच एक उल्टा, वास्तविक और छोटा प्रतिबिंब बनता है

D). फोकस दूरी की दोगुनी दूरी से परे एक सीधा, वास्तविक और बड़ा प्रतिबिंब बनता है

Correct Answer: C

---

**Q.12** **सूचना प्राप्त करने वाला तंत्रिकाकोशिका (neuron) का पहला भाग कौन-सा है?**

Ans A). अक्षतंतु टर्मिनल (Axon terminal)

B). कोशिका पिंड (Cell body)

C). अक्षतंतु (Axon)

D). द्रुमिका (Dendrite)

Correct Answer: D

---

**Q.13** **दो तंत्रिकाकोशिकाओं के बीच सिनेप्स (synapse) का मुख्य कार्य क्या है?**

Ans A). संकेत भंडारण

B). ऊर्जा आपूर्ति

C). संचार

D). आवेग अंतरण

Correct Answer: D

---

**Q.14** **जब 16 g ऑक्सीजन और 2 g हाइड्रोजन मिश्रित होते हैं, तो 18 g जल का निर्माण होता है। यह प्रेक्षण किसके अनुरूप है?**

Ans A). गुणित अनुपात के नियम

B). एवोगैड्रो के नियम (Avagadro's Law)

C). गे-लुसाक के नियम (Gay-Lussac's law)

D). संहति संरक्षण के नियम

Correct Answer: D

---

**Q.15** **कोई विद्यार्थी 10 cm फोकस दूरी के किसी अवतल दर्पण के सामने 15 cm दूरी पर एक बिंब रखता है। यदि बनने वाला प्रतिबिंब वास्तविक है, तो दर्पण द्वारा उत्पन्न आवर्धन कितना है?**

Ans A). −1

B). + 1

C). −2

D). + 2

Correct Answer: C

---

**Q.16** **पेशीय ऊतकों का निर्माण करने वाली लंबी, बेलनाकार कोशिकाओं को विशेष रूप से __________ के रूप में जाना जाता है।**

Ans A). तंत्रिका कोशिकाओं

B). उपास्थि डिस्क

C). चालनी नलिकाओं

D). पेशी तंतुओं

Correct Answer: D

---

**Q.17** **द्रव्यमान संख्या के विषय में कौन-सा कथन सही है?**

Ans A). यह सदैव परमाणु संख्या के बराबर होता है।

B). यह सदैव परमाणु संख्या से अधिक होता है।

C). इसका परमाणु संख्या से कोई संबंध नहीं होता है।

D). यह सदैव परमाणु संख्या से कम होता है।

Correct Answer: B

---

**Q.18** **एक आनुवंशिक अध्ययन के बाद, पहले एक साथ समूहित किए गए दो जीवाणुओं के DNA में अत्यधिक भिन्नता पाई जाती है। आधुनिक वर्गीकरण के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा परिणाम सबसे अधिक संभावित है?**

Ans A). वे एक ही जाति (species) के रूप में विलीन हो जाएंगे

B). वे उसी पारंपरिक समूह (traditional group) में बने रहेंगे

C). पारंपरिक लक्षणों द्वारा उनकी समानता की पुष्टि होती है

D). उन्हें अलग-अलग प्रक्षेत्र (domains) या समूहों में पुनर्वर्गीकृत किया जा सकता है

Correct Answer: D

---

**Q.19** **कोई कार 5 सेकंड तक 20 m/s की स्थिर चाल से चलती है। इस दौरान कार द्वारा तय की गई कुल दूरी कितनी है?**

Ans A). 4 मीटर

B). 25 मीटर

C). 400 मीटर

D). 100 मीटर

Correct Answer: D

**Q.20** 60 kg द्रव्यमान का एक एथलीट 5 m/s की चाल से दौड़ता है। स्थिर खड़े रहने की तुलना में प्राप्त की गई गतिज ऊर्जा कितनी है?

Ans A). 1500 J　　B). 375 J　　C). 300 J　　D). 750 J

Correct Answer: D

**Q.21** लौंग तेल का उपयोग गंध सूचक (olfactory indicator) के रूप में किया जाता है। यदि इसकी गंध विलयन X में बनी रहती है लेकिन विलयन Y में मंद पड़ जाती है, तो दोनों विलयनों की प्रकृति के संबंध में क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

Ans A). विलयन X अम्लीय है और विलयन Y क्षारीय है　　B). विलयन X क्षारीय है और विलयन Y अम्लीय है　　C). विलयन X और Y दोनों क्षारीय हैं

D). विलयन X और Y दोनों अम्लीय हैं

Correct Answer: A

**Q.22** घरेलू परिपथों में विद्युत फ्यूज का उपयोग मुख्यतः ___________ के लिए किया जाता है।

Ans A). परिपथ में वोल्टता कम करने　　B). बाद में उपयोग के लिए विद्युत ऊर्जा को संग्रहीत करने　　C). अत्यधिक धारा प्रवाहित होने पर परिपथ को अवरुद्ध करने

D). आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बिजली विद्युत करने

Correct Answer: C

**Q.23** वायुमंडलीय कणों का आकार, सूर्य के प्रकाश के प्रकीर्णन को कैसे प्रभावित करता है?

Ans A). छोटे कण छोटी तरंगदैर्ध्य को अधिक दक्षतापूर्ण रूप से प्रकीर्णित करते हैं　　B). बड़े कण केवल लाल प्रकाश को ही प्रभावी रूप से प्रकीर्णित करते हैं

C). मध्यम कण केवल हरे प्रकाश को ही दक्षतापूर्ण रूप से प्रकीर्णित करते हैं　　D). अनियमित कण केवल पीले प्रकाश को ही अधिक प्रकीर्णित करते हैं

Correct Answer: A

**Q.24** नीचे दिए गए कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें।

कथन I: सक्रियता श्रेणी की सभी धातुएँ तनु अम्लों से हाइड्रोजन को विस्थापित कर हाइड्रोजन गैस बना सकती हैं।
कथन II: सक्रियता श्रेणी में हाइड्रोजन से नीचे स्थित धातुएँ तनु अम्लों के साथ हाइड्रोजन गैस नहीं बनाती हैं।

Ans A). कथन I सत्य है, कथन II सत्य है, तथा कथन II, कथन I की सही व्याख्या है।

B). कथन I सही है और कथन II भी सही है, लेकिन कथन II, कथन I की सही व्याख्या नहीं करता है।　　C). कथन I सत्य है, लेकिन कथन II असत्य है।

D). कथन I असत्य है, लेकिन कथन II सत्य है।

Correct Answer: D

**Q.25** निम्नलिखित में से कौन-सा कोलॉइडी विलयन का गुण है?

Ans A). घटकों को निस्यंदन द्वारा पृथक किया जा सकता है　　B). कणों को नग्न आंखों से देखा जा सकता है　　C). कण स्थिर रहने पर नीचे नहीं बैठते हैं

D). कण वास्तविक विलयनों से छोटे होते हैं

Correct Answer: C

**Q.26** एक शहर के वृक्षारोपण अभियान से वृक्षों की संख्या में 40% की वृद्धि हुई। एक तूफान ने 30% नए वृक्षों को नष्ट कर दिया। तूफान में नष्ट हुए वृक्षों की संख्या, मूल वृक्षों की संख्या का कितना प्रतिशत है?

Ans A). 12%　　B). 9%　　C). 18%　　D). 15%

Correct Answer: A

**Q.27** उस बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए जिसकी त्रिज्या 5 cm है और कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल 408.2 $cm^2$ है ($\pi$ = 3.14 का उपयोग करें)।

Ans A). 514 $cm^3$　　B). 628 $cm^3$　　C). 596 $cm^3$　　D). 427 $cm^3$

Correct Answer: B

**Q.28** दो ट्रेनें, एक 120 m लंबी और दूसरी 180 m लंबी, विपरीत दिशाओं में क्रमशः 45 km/hr और 54 km/hr की चाल से चल रही हैं। उन्हें एक-दूसरे को पूरी तरह से पार करने में कितना समय लगेगा? [उत्तर सेकंड में दें, दशमलव के बाद एक स्थान तक सही।]

Ans A). 11.5 s　　B). 12.0 s　　C). 10.9 s　　D). 9.5 s

Correct Answer: C

**Q.29** $\tan^2\theta + \cot^2\theta - \sec^2\theta \operatorname{cosec}^2\theta + 2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). −1　　B). 0　　C). 2　　D). 1

Correct Answer: B

**Q.30** एक व्यक्ति एक समबाहु त्रिभुज की तीनों भुजाओं के अनुदिश क्रमशः 12 km/hr, 24 km/hr और 8 km/hr की चाल से यात्रा करता है। उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 12　　B). 13.4　　C). 12.6　　D). 13.8

Correct Answer: A

Q.31 चार दुकानों I, II, III और IV पर एक कुकर का अंकित मूल्य समान है। दुकान I द्वारा उस पर 87% और 14% की दो क्रमिक छूट, दुकान II द्वारा 16% और 92% की क्रमिक छूट, दुकान III द्वारा 60% और 35% की क्रमिक छूट तथा दुकान IV द्वारा 58%, 29% और 87% की क्रमिक छूट दी जाती है। कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

Ans A). II B). I C). III D). IV

Correct Answer: D

Q.32 एक आँकड़ा समुच्चय का माध्य 40 है और माध्यिका 35 है। अनुभवजन्य संबंध (empirical relationship) का उपयोग करके बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans A). 40 B). 45 C). 30 D). 25

Correct Answer: D

Q.33 A और B की आय का अनुपात 5:7 है और उनके व्यय का अनुपात 3:5 है। यदि प्रत्येक ₹4200 की बचत करता है, तो A की आय ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹8000 B). ₹12000 C). ₹14000 D). ₹10500

Correct Answer: D

Q.34 अरविंद ने एक वस्तु ₹x में खरीदी। उसने इसे बीरू को 25% की हानि पर बेच दिया। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹157 व्यय किए और इसे मीनू को 40% के लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹1,715 में खरीदा है, तो x का मान (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1,424 B). 1,408 C). 1,446 D). 1,414

Correct Answer: A

Q.35 दिया गया है कि, $109^{0.64} = x$, $109^{0.83} = y$ और $x^z = y^5$, तो z का मान निम्नलिखित में से किसके निकटतम होगा?

Ans A). 5.06 B). 7.82 C). 7.91 D). 6.48

Correct Answer: D

Q.36 यदि $x = \sqrt{5776}$ तथा $y = \sqrt{2025}$ है, तो $\frac{x^2 - y^2}{x - y}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 122 B). 120 C). 100 D). 121


Correct Answer: D

Q.37 यदि किसी गोले के पृष्ठीय क्षेत्रफल को उसकी त्रिज्या से भाग दिया जाए, तो परिणाम 132 cm होता है। गोले का आयतन ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans A). 4911 $cm^3$ B). 5109 $cm^3$ C). 4951 $cm^3$ D). 4851 $cm^3$

Correct Answer: D

Q.38 पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। नीचे दिए गए चार्ट एक विद्यालय में विद्यार्थियों के बंटन को दर्शाते हैं।




कक्षा 8 में लड़कियों की संख्या कितनी है?

Ans A). 90 B). 60 C). 72 D). 108

Correct Answer: C

**Q.39** 8% वार्षिक ब्याज दर पर 4 वर्षों में ₹960 का साधारण ब्याज अर्जित करने के लिए कितनी मूल राशि (₹ में) की आवश्यकता होगी?

**Ans** A). 4800 B). 1500 C). 6000 D). 3000

**Correct Answer: D**

**Q.40** यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 50 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 39 | 47 | 44 | 13 | x |

**Ans** A). 649 B). 648 C). 674 D). 653

**Correct Answer: D**

**Q.41** स्कूल के एक चुनाव में, 10% विद्यार्थियों ने वोट नहीं दिया। यदि विद्यार्थियों की कुल संख्या 2,000 थी, तो कितने विद्यार्थियों ने वोट दिया?

**Ans** A). 1,900 B). 1,600 C). 1,700 D). 1,800

**Correct Answer: D**

**Q.42** एक 5-सदस्यीय परिवार में दादा-दादी, माता-पिता और एक पोता है। दादा-दादी की औसत आयु 76 वर्ष है, माता-पिता की औसत आयु 40 वर्ष है और पोते की आयु 8 वर्ष है। परिवार की औसत आयु कितनी होगी?

**Ans** A). 46 वर्ष B). 44 वर्ष C). 42 वर्ष D). 48 वर्ष

**Correct Answer: D**

**Q.43** वह संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 11 और 67 में से घटाने पर माध्यानुपाती 21 प्राप्त होगा।

**Ans** A). 8 B). 3 C). 4 D). 6

**Correct Answer: C**

**Q.44** दो आयताकार मैदानों की लंबाई क्रमशः x और y मीटर है, जहाँ x>y है। उनकी लंबाइयों का योग, उनकी लंबाइयों के अंतर का तीन गुना है। $\frac{3xy}{2(x^2-y^2)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $\frac{2}{3}$ B). $1$ C). $1\frac{2}{3}$ D). $1\frac{1}{3}$

**Correct Answer: B**

**Q.45** अरुण के पास ₹1,681 की धनराशि है। वह इस धनराशि को अपने दो पुत्रों, महेश और विजय के बीच बाँट देता है। महेश अपने हिस्से को वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 17 वर्षों के लिए निवेश करता है, जबकि विजय अपने हिस्से को समान ब्याज दर पर 18 वर्षों के लिए निवेश करता है। संबंधित अवधियों के बाद, दोनों को समान मिश्रधन प्राप्त होता है। अरुण द्वारा महेश को दी गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 820 B). 920 C). 861 D). 711

**Correct Answer: C**

**Q.46** यदि 8 श्रमिक किसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकते हैं, तो 6 श्रमिकों को उसी कार्य को पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?

**Ans** A). 12 दिन B). 15 दिन C). 18 दिन D). 16 दिन


**Correct Answer: D**

**Q.47** यदि $\sin\theta + \cos\theta = \sqrt{3}$ है, तो $\sin^3\theta + \cos^3\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). -1 B). $\sqrt{3}$ C). 0 D). 3

**Correct Answer: C**

**Q.48** यदि A और B दो समांतर रेखाएँ हैं, तो x का मान ज्ञात करें।




(degree = डिग्री)

**Ans** A). 105° B). 115° C). 90° D). 55°

**Correct Answer: B**

Q.49 A किसी कार्य को 10 दिनों में कर सकता है और B उसे 15 दिनों में कर सकता है। वे दोनों मिलकर 3 दिनों तक कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग शेष है?

Ans A). $\frac{1}{2}$ B). $\frac{1}{8}$ C). $\frac{1}{10}$ D). $\frac{1}{4}$

Correct Answer: A

Q.50 ₹2,20,000 कीमत वाली एक कार का 5% वार्षिक चक्रवृद्धि दर से मूल्यहास होता है, जबकि यह वार्षिक रूप से संयोजित होता है। 2 वर्ष बाद इसका मूल्य (₹ में) कितना होगा?

Ans A). 1,98,550 B). 1,80,500 C). 1,75,000 D). 1,85,500

Correct Answer: A

Q.51 A, D, F, G, H और S एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत की सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है। A एक विषम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है, लेकिन क्रमांक 3 पर नहीं। A और S जिन मंजिलों पर रहते हैं, उनके क्रमांक का योग 7 है। D, F के ठीक नीचे रहता है। H सबसे ऊपरी मंजिल पर रहता है। H और G जिन मंजिलों पर रहते हैं, उनके क्रमांक का योग क्या है?

Ans A). 7 B). 5 C). 8 D). 6

Correct Answer: A

Q.52 तरुण अपनी कक्षा में शीर्ष से 49वें स्थान पर और नीचे से 69वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans A). 116 B). 119 C). 117 D). 118

Correct Answer: C

Q.53 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

DZA−XTU
YUV−SOP

Ans A). SNN−LHI B). SOP−LII C). SNN−MIJ D). SOP−MIJ

Correct Answer: D

Q.54 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) G # M + B & H % $ F # E ^ & W @ W $ D S ! (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी अक्षर हटा दिए जाएं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, दाएं से सातवें स्थान पर होगा?

Ans A). ? B). + C). $ D). @

Correct Answer: C

Q.55 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) & B @ 8 X 9 * $ J @ P 4 L 4 @ & 5 @ F # € 5 (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी अक्षर हटा दिए जाएं, तो निम्नलिखित में से क्या बाएं से छठे स्थान पर आएगा?

Ans A). * B). $ C). @ D). 4

Correct Answer: B

Q.56 संख्या 31598756 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से तीसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans A). 10 B). 9 C). 8 D). 11

Correct Answer: A

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में, 'may get prize' को 'gm qv bn' के रूप में और 'get more water' को 'kp bn tz' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'get' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो अक्षरों के कूट हैं।)

Ans A). kp B). qv C). bn D). tz

Correct Answer: C

Q.58 D, F, G, H, J, K और L एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
D के दाईं ओर से गिनने पर, L और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D के निकटतम पड़ोसी K और F हैं। G, H के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। K, J का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
G के बाईं ओर से गिनने पर, G और J के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). 3 B). 1 C). 4 D). 2

Correct Answer: C

**Q.59** यदि शब्द LANDMARK के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से चौथे अक्षर और दाएं से दूसरे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 2 B). 3 C). 5 D). 4

Correct Answer: A

**Q.60** शब्द CHEMIST के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, दाएं से दूसरे स्थान पर होगा?

Ans A). Q B). R C). S D). T

Correct Answer: B

**Q.61** एक निश्चित कूट भाषा में, 'five minutes only' को 'ta bs yk' के रूप में और 'only the truth' को 'cz ta gp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'only' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो अक्षरों के कूट हैं।)

Ans A). yk B). bs C). gp D). ta

Correct Answer: D

**Q.62** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
BDF HJL NPR TVX ?

Ans A). YAC B). YZA C). ZBC D). ZBD

Correct Answer: D

**Q.63** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ लागू करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
13 - 28
20 - 42

Ans A). 11 - 23 B). 17 - 36 C). 5 - 13 D). 5 - 14

Correct Answer: B

**Q.64** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'Fb # Ki × Tn % Ec × Yt' हो, तो Fb का Yt से क्या संबंध है?

Ans A). पत्नी की बहन B). माता की बहन C). पुत्री का पति D). बहन का पति

Correct Answer: A

**Q.65** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). CIN B). JPU C). HNT D). KQV

Correct Answer: C

**Q.66** करण, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। इसके बाद, वह फिर बाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 5 km, पूर्व की ओर B). 6 km, पश्चिम की ओर C). 5 km, पश्चिम की ओर D). 6 km, पूर्व की ओर

Correct Answer: C

**Q.67** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

FAX KEY POT GYM

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans A). दो B). एक C). चार D). एक भी नहीं

Correct Answer: A

**Q.68** नीचे दिए गए दो युग्मों के समुच्चय के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**FTN : IWL**
**JSU : MVS**

**Ans** A). KWQ : NYO  B). HWL : KZI  C). NGJ : QJH  D). JLJ : MOG

**Correct Answer: C**

---

**Q.69** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'S × E ÷ W – T + N' है, तो S का N से क्या संबंध है?

**Ans** A). पुत्री  B). माता  C). बहन  D). पत्नी

**Correct Answer: B**

---

**Q.70** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

**WAR ITS NOT BET**

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

**Ans** A). दो  B). एक  C). तीन  D). चार

**Correct Answer: C**

---

**Q.71** सात विद्यार्थी I, J, K, P, Q, R और Z एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q, K के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। J के बाईं ओर से गिनती करने पर, R और J के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P, K के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। P, R के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Z, Q का निकटतम पड़ोसी नहीं है। I के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans** A). R  B). P  C). Z  D). K

**Correct Answer: D**

---

**Q.72** B, F, N, K, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। B की परीक्षा शुक्रवार को है। U के बाद केवल पांच व्यक्तियों की परीक्षा है। F और U के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। K की परीक्षा T से ठीक पहले है। V की परीक्षा सोमवार को नहीं है। V और B के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

**Ans** A). चार  B). एक  C). दो  D). तीन

**Correct Answer: B**

---

**Q.73** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). CBY  B). YXU  C). XXT  D). NMJ

**Correct Answer: C**

---

**Q.74** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
**3 ÷ 2 + 15 × 3 – 5 = ?**

**Ans** A). 8  B). 6  C). 4  D). 5

**Correct Answer: B**

---

**Q.75** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3 + 7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)
**2 – 6 – 18 – 38; 3 – 9 – 27 – 47**

**Ans** A). 4 - 8 - 16 - 40  B). 5 - 15 - 45 - 65  C). 7 - 14 - 28 - 58  D). 6 - 18 - 36 - 76

**Correct Answer: B**

**Q.76** मिस्टर निमा बिंदु A से शुरू करते हुए, दक्षिण की ओर 26 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 31 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 42 km ड्राइव करते हैं। इसके बाद, वह दाएं मुड़ते हैं और 25 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 11 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 14 km ड्राइव करते हैं। अंत में वह दाएं मुड़ते हैं और 5 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

**Ans** A). 10 km उत्तर की ओर B). 10 km दक्षिण की ओर C). 8 km पश्चिम की ओर D). 6 km पूर्व की ओर

**Correct Answer: C**

**Q.77** निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) W N E U S X J U C G Z A D R M I A G Y E A Z (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक स्वर है?

**Ans** A). 2 B). 4 C). 3 D). 5

**Correct Answer: C**

**Q.78** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

51 55 63 75 91 ?

**Ans** A). 116 B). 111 C). 124 D). 102

**Correct Answer: B**

**Q.79** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए के पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : SNQ :: JEH : %

**Ans** A). # = OPN, % = MBN B). # = PKN, % = MHK C). # = PGN, % = MHL D). # = PJI, % = BGK

**Correct Answer: B**

**Q.80** संख्या 81532976 में प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बाएँ छोर से चौथे स्थान पर होगा?

**Ans** A). 6 B). 7 C). 5 D). 3

**Correct Answer: C**

**Q.81** मई 2026 में गुजरात में आयोजित एशियाई वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप (Asian Weightlifting Championship) में भारत ने कितने पदक जीते?

**Ans** A). 10 B). 17 C). 8 D). 14

**Correct Answer: A**

**Q.82** अप्रैल 2026 में जारी, पशु समावेशी आपदा जोखिम न्यूनीकरण (AiDRR) दिशानिर्देश मुख्य रूप से सामुदायिक प्रत्यास्थता के किस पहलू को सुदृढ़ करने के लिए थे?

**Ans** A). आपातकालीन आश्रय प्रशासन तंत्र B). सामुदायिक पूर्व चेतावनी तंत्र C). आजीविका संधारणीयता तंत्र D). आपदा प्रतिक्रिया समन्वय तंत्र

**Correct Answer: C**

**Q.83** वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2025 (Global Hunger Index 2025) में भारत 102वें स्थान पर था। भारत को अपने समग्र स्कोर के आधार पर भुखमरी की गंभीरता के किस वर्गीकरण में रखा गया था?

**Ans** A). निम्न भुखमरी श्रेणी B). चिंताजनक भुखमरी श्रेणी C). गंभीर भुखमरी श्रेणी D). मध्यम भुखमरी श्रेणी

**Correct Answer: C**

**Q.84** दीक्षा अमृतेश बनाम कर्नाटक राज्य (2026) के ऐतिहासिक निर्णय में, सर्वोच्च न्यायालय ने जेंडर प्रतिनिधित्व के संबंध में एक ऐतिहासिक अखिल भारतीय जनादेश (pan-India mandate) जारी किया। न्यायालय ने क्या निर्णय सुनाया?

**Ans** A). हाई कोर्ट कॉलेजियम ऑफिस में महिला सदस्यों के लिए 25% कोटा B). निचली राज्य न्यायपालिका में महिलाओं के लिए 33% अनिवार्य आरक्षण C). लोक अभियोजक पैनल में महिला वकीलों के लिए 50% आरक्षण D). सभी बार एसोसिएशनों में 30% अनिवार्य महिला प्रतिनिधित्व

**Correct Answer: D**

**Q.85** 2026 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स (2026 Laureus World Sports Awards), मैड्रिड में आयोजित किए गए, जिनमें 2025 कैलेंडर वर्ष की उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया। प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर' से किसे सम्मानित किया गया?

**Ans** A). तादेज पोगकार (Tadej Pogacar) B). उस्मान डेम्बेले (Ousmane Dembélé) C). कार्लोस अल्काराज़ (Carlos Alcaraz) D). लैंडो नॉरिस (Lando Norris)

**Correct Answer: C**

**Q.86 राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, दिल्ली ने किस आधिकारिक वैश्विक थीम के आधार पर 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस 2026 (World Earth Day 2026) मनाया?**

Ans A). हमारी पृथ्वी को पुनर्स्थापित करें (Restore Our Earth) B). भावी पीढ़ियों के लिए जलवायु कार्रवाई (Climate Action for Future Generations)
C). हमारी शक्ति, हमारा ग्रह (Our Power, Our Planet) D). हमारे ग्रह में निवेश करें (Invest in Our Planet)

Correct Answer: C

**Q.87 निम्नलिखित में से किस फिल्मी सितारे ने मई 2026 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी?**

Ans A). सी. जोसेफ विजय B). विजय सेतुपति C). कमल हासन D). अजित कुमार

Correct Answer: A

**Q.88 मई 2026 में, देव कुमार मीणा और कुलदीप कुमार ने संयुक्त रूप से किस एथलेटिक्स स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया?**

Ans A). मेन्स हाई जंप फील्ड (Men's high jump field) B). मेन्स लॉन्ग जंप फील्ड (Men's long jump field) C). मेन्स पोल वॉल्ट फील्ड (Men's pole vault field)
D). मेन्स ट्रिपल जंप फील्ड (Men's triple jump field)

Correct Answer: C

**Q.89 भारत में खेल विकास को अगले दशक में दीर्घकालिक, मिशन-मोड दृष्टिकोण की ओर स्थानांतरित करने के लिए केंद्रीय बजट 2026-27 में किस पहल की घोषणा की गई थी?**

Ans A). टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम प्लस B). राष्ट्रीय खेल विकास कोष C). फिट इंडिया ग्लोबल मिशन D). खेलो इंडिया मिशन

Correct Answer: D

**Q.90 मई 2026 में, सतर्कता एवं भ्रष्टाचार-विरोधी ब्यूरो (Vigilance and Anti-Corruption Bureau - VACB) ने लोक प्रशासन में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक प्रमुख पहल "प्रोजेक्ट जीरो (Project Zero)" शुरू की। यह पहल किस राज्य में शुरू की गई थी?**

Ans A). केरल B). कर्नाटक C). तमिलनाडु D). आंध्र प्रदेश

Correct Answer: A

**Q.91 जनवरी 2026 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मद्रास में लॉन्च की गई परम शक्ति सुपरकंप्यूटिंग सुविधा किस स्वदेशी सुपरकंप्यूटिंग प्रणाली द्वारा संचालित है?**

Ans A). परम प्रवेग (PARAM PRAVEGA) B). परम रुद्र (PARAM RUDRA) C). परम शिवाय (PARAM SHIVAY) D). परम ब्रह्मा (PARAM BRAHMA)

Correct Answer: B

**Q.92 मार्च 2026 में भारत और कनाडा के बीच हस्ताक्षरित $2.6 बिलियन के यूरेनियम आपूर्ति समझौते का मुख्य उद्देश्य भारत के किस ऊर्जा क्षेत्र को सुदृढ़ करना था?**

Ans A). न्यूक्लीय ऊर्जा क्षेत्र B). पवन ऊर्जा क्षेत्र C). सौर ऊर्जा क्षेत्र D). जलविद्युत ऊर्जा क्षेत्र

Correct Answer: A

**Q.93 केंद्रीय बजट 2026–27 में PMAY-G की किस विशेषता को महिला-केंद्रित ग्रामीण आवास सशक्तिकरण के संकेतक के रूप में हाइलाइट किया गया?**

Ans A). महिलाओं के नाम पर आवास का आवंटन या संयुक्त पति-पत्नी (joint spousal) का स्वामित्व B). केवल महिला ग्रामीण श्रमिकों को आवास का आवंटन
C). केवल महिला नेतृत्व वाले (women-led) स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आवास का आवंटन D). महिला विशेष आवास बोर्डों के माध्यम से आवास का आवंटन

Correct Answer: A

**Q.94 भारतीय रिजर्व बैंक की अप्रैल 2026 की मौद्रिक नीति घोषणा में, रेपो दर को ___ पर निर्धारित की गई थी।**

Ans A). 5.25% B). 6.00% C). 5.00% D). 4.50%

Correct Answer: A

**Q.95 वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की एक उल्लेखनीय विशेषता क्या थी?**

Ans A). इसने वक्फ संपत्ति प्रबंधन को धार्मिक नेताओं तक सीमित कर दिया। B). इसने केंद्रीय वक्फ परिषद को समाप्त कर दिया।
C). इसने वक्फ बोर्डों में मुस्लिम महिलाओं का प्रतिनिधित्व अनिवार्य कर दिया। D). इसने गैर-मुसलमानों को वक्फ संपत्तियों में दान करने की अनुमति दी।

Correct Answer: C

**Q.96 मार्च 2026 में आयोजित 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स में, किस सिनेमैटिक कृत्य को बेस्ट पिक्चर के साथ-साथ बेस्ट डायरेक्टर का प्रीमियर ऑस्कर जीता?**

Ans A). हैमनेट (Hamnet) B). सिनर्स (Sinners) C). सेंटिमेंटल वैल्यू (Sentimental Value) D). वन बैटल आफ्टर अनदर (One Battle After Another)

Correct Answer: D

**Q.97 केंद्र सरकार ने किस राज्य में ब्रॉडबैंड विस्तार के लिए मई 2026 में अमेंडेड भारतनेट प्रोग्राम (ABP) के अंतर्गत ₹2,432 करोड़ की स्वीकृति दी?**

Ans A). मध्य प्रदेश B). राजस्थान C). गुजरात D). आंध्र प्रदेश

Correct Answer: D

**Q.98** **अप्रैल 2026 में जारी हालिया निर्देश के अनुसार, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने भारत में हीट वेव के कारण निम्नलिखित में से किस समूह को विशेष रूप से सर्वाधिक जोखिम वाले समूह के रूप में चिन्हित किया है?**

Ans A). महानगरों में शहरी निवासी
B). निजी संस्थानों में स्कूली बच्चे
C). सरकारी अधिकारी और प्रशासक
D). आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, खुले में काम करने वाले कामगार और बेघर लोग

**Correct Answer: D**

**Q.99** **भारत में आक्रामक विदेशी प्रजातियों (Invasive Alien Species) से संबंधित मुद्दों का अध्ययन करने के लिए किस संगठन ने मार्च 2026 में एक समिति का गठन किया था?**

Ans A). राष्ट्रीय हरित अधिकरण
B). भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण
C). भारतीय प्राणी सर्वेक्षण
D). राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण

**Correct Answer: D**

**Q.100** **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत इंडियाएआई (IndiaAI) द्वारा AISECT के सहयोग से, अर्ध-शहरी और वंचित क्षेत्रों में आधारभूत AI शिक्षा का विस्तार करने हेतु फरवरी 2026 में शुरू किए गए राष्ट्रीय AI साक्षरता कार्यक्रम का नाम क्या था?**

Ans A). डिजिटल AI भारत (Digital AI Bharat)
B). AI शिक्षा मिशन (AI Shiksha Mission)
C). इंडियाएआई कनेक्ट (IndiaAI Connect)
D). युवा AI फॉर ऑल (Yuva AI for All)

**Correct Answer: D**

"

oliveboard